मातृ स्वास्थ्य के तत्काल चेतावनी संकेत देखने के लिए पलटें।

HINDI

CONNECTICUT URGENT MATERNAL WARNING SIGNS BRACELET INITIATIVE

आपको नारंगी रंग का ब्रेसलेट क्यों दिया जा रहा है

और इसे पहनने के लिए क्यों प्रोत्साहित किया जा रहा है

नारंगी रंग का ब्रेसलेट 12 सप्ताह तक **पहनें**। यह स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और आपातकालीन कर्मियों को बताता है कि आपका हाल ही में प्रसव हुआ है।

मातृ स्वास्थ्य से जुड़े तत्काल चेतावनी संकेतों पर **नज़र रखें**। प्रप्रसव के बाद एक वर्ष तक गंभीर जटिलताएँ हो सकती हैं।

अगर आपको कोई भी चिंताजनक लक्षण महसूस हो, तो तुरंत **डॉक्टर से मदद लें**। इससे आपकी जान बच सकती है।

राज्यव्यापी ब्रेसलेट पहल के बारे में

कनेक्टिकट अर्जेंट मैटरनल वार्निंग साइन्स ब्रेसलेट पहल, प्रसवोत्तर स्वास्थ्य समस्याओं को पहचान कर और उनका इलाज करना आसान बनाकर आपको सुरक्षित रखने में मदद करती है। राज्य भर के अस्पताल मरीजों को नारंगी रंग के ब्रेसलेट वितरित कर रहे हैं, ताकि उन्हें याद दिलाया जा सके कि वे अर्जेंट मैटरनल वार्निंग साइन्स पर नजर रखें और यदि ये दिखाई दें तो तुरंत सहायता प्राप्त करें।

महत्वपूर्ण जानकारी और संसाधनों के लिए QR कोड स्कैन करें, या cthosp.org/bracelet पर जाएँ

HINDI

क्या आप पिछले 12 महीनों में गर्भवती हुई हैं?

इन चेतावनी संकेतों पर ध्यान दें

- सिरदर्द जो ठीक नहीं होता या समय के साथ बढ़ता जाता है
- चक्कर आना या बेहोश हो जाना
- आपकी दृष्टि में बदलाव
- शरीर का तापमान 100.4°F या उससे अधिक, या 96.8°F या उससे कम
- आपके हाथों या चेहरे पर बहुत अधिक सूजन
- स्वयं को या अपने बच्चे को नुकसान पहुँचाने के विचार
- साँस लेने में परेशानी होना
- सीने में दर्द या तेज़ धड़कन
- तीव्र मतली और उल्टी
- दौरा पड़ना
- पेशाब करने में समस्या या पेशाब में बदलाव
- आपके पैर या बाँह में बहुत अधिक सूजन, लालिमा या दर्द
- चीरे का घाव जो ठीक नहीं हो रहा है
- अत्यधिक थकान
- रक्तस्राव, हर घंटे एक पैड पूरी तरह भीगना, या अंडे के आकार के या उससे बड़े रक्त के थक्के

यदि गर्भावस्था या प्रसव के बाद आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे, तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें और तुरंत सहायता लें। यदि आप अपने प्रदाता से संपर्क नहीं कर पा रही हैं, तो आपातकालीन विभाग में जाएँ या 911 पर कॉल करें।
उन्हें अवश्य बताएँ कि आप पिछले एक वर्ष के भीतर गर्भवती थीं। यह सूची आपके सभी संभावित लक्षणों को शामिल करने के लिए नहीं है।
यदि आपको लगे कि कुछ ठीक नहीं है, तो चिकित्सा सहायता लें।

CHA CONNECTICUT HOSPITAL ASSOCIATION

CONNECTICUT Public Health